हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 जून 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 राम मंदिर दान प्रकरण की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर...



07 सरकार को छात्रों की समस्या से सरोकार...




## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की मांगों को लेकर धरना जारी

**सागर।** नगर पालिक निगम के सभी संगठनों के संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों के सदस्यगण एवं कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न जायज मांगों को लेकर चरणबध्द आंदोलन के चौथे दिन पुरानी बिल्डिंग नगर निगम कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। बैठक में नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ क प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग सागर प्रभारी राजेशसिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष शईद उद्दीन कुरैशी, सुदेश सनकत, सूरज मछन्दर, राजेंद्र सनकत, संयोजक राजेंद्र मलैया, अनिरुद्ध चांचोदिया, अनिल दुबे, जगदीश सनकत, शशांक जैन, संजय रैकवार, अरविंद सोनी, हेमराज, सुदंरलाल जैन, जयकुमार, पूरनलाल रैकवार, नरेन्द्र रैकवार, गुड्डा यादव, सहित विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो जन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी.पी. आर्या द्वारा जिला चिकित्सालय सागर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डॉ अभिषेक ठाकुर आर.एम.ओ., डॉ अचला जैन डीएचओ, डॉ आशीष जैन जिला टीकाकरण अधिकारी साथ में रहे। यह रैली जिला चिकित्सालय परिसर सागर से प्रारंभ होकर बीएमसी से वापिस जिला चिकित्सालय में समाप्त हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी.पी. आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान दिनांक 28 जून से 30 जून तक चलाया जायेगा जिसमें 0 से 5 वर्ष के बच्चों को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी एवं दिनांक 29 तथा 30 जून को छूटे हुये बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। जिले में कुल लक्ष्य 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने का 370000 का है. इस हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुल बूथ 2800 बनाये गये हैं जिस हेतु 2900 टीम, 5800 वेक्सीनेटर बनाये गये हैं। सुपरवीजन हेतु 300 सुपरवाईजर बनाये गये हैं। इस रैली में जॉली वर्गीस डीपीएचएनओ, सुरभि साहू आरबीएसके मैनेजर, सुनीता वर्मा, क्रांति तंतुवाय सिस्टर ट्यूटर, जिला चिकित्सालय का स्टॉफ, बी.एम.सी. की प्रशिक्षु स्टॉफ नर्स, आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम. एवं डी.पी. राय प्रभारी मीडिया अधिकारी, सौरभ जेन प्रभारी ए.एस.ओ., विकास भूरिया पीएचएम, संदीप विश्वकर्मा, सुशील यादव, हेमराज अहिरवार आदि अधिकारी/कर्मचारी ने उपस्थित होकर रैली को सफल बनाया।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक

**सागर।** मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन और जलीय पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में जिले की सभी नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट ( मछली पकड़ना) पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दिया। आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने हेतु म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून 2026 से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में अधिघोषित किया गया है। म.प्र. शासन मछलीपालन विभाग के अनुसार छोटे तालाव या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है को छोडकर समस्त नदियों जलाशयों में बंद ऋतु में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय परिवहन करना भी प्रतिबंधित है।

सागर में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षाः उप मुख्यमंत्री ने दिए विधानसभावार मॉनिटरिंग के निर्देश

# हमारा लक्ष्य केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि पौधों के वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा करना हैः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' की जिला स्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा जल के अधिकतम संचयन हेतु फार्म पॉन्ड्स के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्यों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, पर्यावरण-अनुकूल और लोकहितकारी कार्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी कार्यों की विधानसभावार मॉनिटरिंग करने और शेष बचे कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पौधों के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाने के लिए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन निकायों, संस्थाओं आदि द्वारा लगाए गए पौधे अगले वर्ष तक सर्वाधिक संख्या में जीवित और सुरक्षित रहेंगे, उन्हें पुरस्कृत भी किया जाए जिससे संबंधितों को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पौधरोपण नहीं, बल्कि पौधों के वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा करना है।

खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने अवगत कराया कि खुरई में इस वर्ष एक दिन में 1 लाख पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें समाज के सभी व्यक्तियों की सहभागिता रहती है। गत वर्ष भी वृहद पैमाने पर यह गतिविधि की गई थी जिसमें पौधारोपण करने वाले सभी व्यक्ति नियमित रूप से उनके द्वारा लगाए गए पौधों की फोटो अपलोड करते हैं जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उस पौधे को सही देखभाल मिल रही है। पौधों की एक गार्जियन की तरह सेवा और सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है।




सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने शहरी क्षेत्र में रेनवाटर हार्वेस्टिंग को सक्रिय करने और लाखा बंजारा झील पर गंगा आरती के माध्यम से आई जन-जागरूकता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सागर नगर में भी उचित स्थान को देखते हुए करीब 25 हज़ार पौधारोपण का लक्ष्य लिया गया है।

देवरी विधायक वृजबिहारी पटेरिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने भी उनके क्षेत्र ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत ने जहां बाउंड्री नहीं है वहां रोपे गए पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड उपलब्ध कराने का सुझाव दिया।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने अभियान के तहत विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की मॉनिटरिंग और गैप फिलिंग करने साथ ही अभियान के तहत आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया में तेजी लाने के की बात कही। जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का प्रेजेंटेशन देते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक केवी ने बताया कि सागर जिला जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर चुका है और लगातार इसके तहत कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह, सागर विधायक शैलेन्द्र जैन, देवरी विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, महापौर संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, अध्यक्ष नगर निगम वृंदावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, डीएफओ शैलेश माचरा एवं वरुण यादव, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### टैंकर से पानी भरने पर दो पक्ष भिड़ेः वीर सावरकर वार्ड में जमकर हुई मारपीट, तीन लोग घायल

**खुरई।** वीर सावरकर वार्ड में नगर पालिका के पानी के टैंकर से पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार, पहले पक्ष के फरियादी राजाबाबू अहिरवार (22) ने बताया कि वार्ड में नगर पालिका का पानी का टैंकर आने पर उन्होंने पहले पानी भरा था। इस बात को लेकर केशव कुशवाहा ने विवाद शुरू कर दिया और कहा कि उन्हें पहले पानी भरना था। राजाबाबू के मुताबिक, केशव कुशवाहा, भूपेश कुशवाहा और मनु कुशवाहा ने जातिसूचक गालियां दीं और मना करने पर मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए उनके पिता काशीराम अहिरवार पर पत्थर से हमला किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।वहीं, दूसरे पक्ष के फरियादी केशव कुशवाहा (25) ने बताया कि उनकी पत्नी कविता कुशवाहा टैंकर पर पानी भरने गई थीं, तभी राजाबाबू अहिरवार ने उन्हें पानी भरने नहीं दिया। जब उनकी पत्नी ने यह बात बताई, तो केशव राजाबाबू अहिरवार को उलाहना देने गए। केशव का आरोप है कि राजाबाबू अहिरवार ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मना करने पर राजाबाबू और उनके पिता काशीराम अहिरवार ने मारपीट की। पुलिस ने बेटे और पिता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि पानी के टैंकर से पानी भरने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। दोनों पक्षों से कुल पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



### मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना महोत्सव शैयाधिवास-प्रसादाधिवास संस्कार हुआ सम्पन्न

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के सिद्ध क्षेत्र पटेरिया धाम स्थित जगदीश मंदिर शाला में दिव्य देवी लोक मणिद्वीप एवं नवग्रह पीठ स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को धार्मिक आस्था, वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक गरिमा का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के तहत समस्त देवी प्रतिमाओं एवं नवग्रह प्रतिमाओं का शैयाधिवास एवं प्रसादाधिवास संस्कार वैदिक ऋचाओं, मंत्रोच्चार और पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में संत-महात्माओं के सान्निध्य में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संत-महात्माओं के सान्निध्य में हो रहे इस महोत्सव के दौरान सभी दिव्य प्रतिमाओं को उनके निर्धारित आसनों एवं पीठों पर विधिवत विराजमान कर स्थापना का अनुष्ठान संपन्न किया गया। वैदिक आचार्यों द्वारा निर्धारित विधि के अनुसार प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व विभिन्न धार्मिक संस्कारों से अभिषिक्त किया गया। पूरे परिसर में वैदिक मंत्रों की गूंज और भक्तिमय वातावरण बना रहा। बुधवार को कार्यक्रमों का क्रम प्रातःकाल से ही प्रारंभ हो गया था। इसके साथ ही नगर से भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं,पुरुष एवं श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर कलश धारण किए श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिद्ध क्षेत्र पटेरिया धाम पहुंचे। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण धार्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया। महोत्सव के मुख्य आयोजनकर्ता पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने सिर पर श्रीमद्भागवत कथा ग्रंथ धारण कर यात्रा में सहभागिता निभाई और श्रद्धालुओं के साथ धाम तक पहुंचे। दोपहर में अयोध्या धाम से पधारे रत्नेश प्रपत्राचार्य महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाई। कथा के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित रहे।

# साइबर जागरुकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद वि.वि. सागर एवं साइबर क्राइम अपराधिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्ववाधान में सेफ क्लिक 2.0 के विषय पर संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल कुमार तिवारी के निर्देशानुसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें थाना सिविल लाईन के आनंद सिंह के द्वारा विषय की प्रस्तावना रखते हुए बताया गया कि राज्यव्यापी साइबर अपराध को देखते हुए मुख्य मंत्री मोहन यादव के द्वारा राज्यव्यापी साइबर जागरूकता अभियान ''सेफ क्लिक 2.0'' का शुभारंभ किया है। आज युवा वर्ग सर्वाधिक साइबर क्राइम से प्रभावित हो रहा है और धोखा-धड़ी का सिकार हो रहा है। इस लिए अभियान आवश्यक है। जिससे साइबर अपराध के समस्याओं का समाधान करने में हम सक्षम हो। इस अभियान को 24 जून से 8 जुलाई तक सभी 55 जिलों में चलाया जाएगा उद्देश्य नागरिकों को उभरते साइबर खतरों के बारे में शिक्षित करना है। साइबर अपराध एक तकनीकी चुनौती से विकसित होकर एक गंभीर खतरा बन गया है यदि हम जागरूक हो जायेंगे तो नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा, सामाजिक विश्वास और डिजिटल जीवनशैली को साइबर अपराध प्रभावित कर सकेगा। यह अभियान प्रदेश भर के भर के स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों, पंचायतों, बाजारों, धार्मिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, रैलियां, नुक्कड़ नाटक और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार के द्वारा समाज को जागरूक किया जाएगा। इसी के अंतर्गत साइबर अपराध के विषय को विस्तार से रखते हुए कुलदीप ठाकुर ने ''सेफ क्लिक 2.0'' को विस्तार से बताया जिसमें आपने कहा कि हम अपने निजी खातो के फोन नंबर से फेसबुक, इस्टाग्राम या अन्य किसी काम से अलग रखें। किसी भी तरह का वित्तीय लेन देन बैंक लिंक आधार लिंक के फोन नंबर से ना करें। सुरक्षित पासवर्ड का प्रयोग करें, प्रत्येक अकाउन्ट के लिए पासवर्ड अलग रखें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक ना करें, मुफ्त वाई-फाई का उपयोग ना करें, किसी भी समस्या के आने पर कानूनी और सरकारी सहायता तुरन्त प्राप्त करें, वित्तीय फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 को डायल करें। यह ''गोल्डन ऑवर'' कहलाता है। जिससे राशि हॉल्ड हो जाती है। विस्तृत रिपोर्ट दर्ज करने के लिए भारत सरकार के आधिकारिक ''नेशनल साईबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल'' का उपयोग करें।



इस कार्यशाला का आभार ज्ञापन देते हुए संस्था के प्रशासनिक अधिकारी-केप्टन पी.के. दत्ता ने कहा कि-यह अंतरराज्यीय साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ करने को पुलिस बल की तकनीकी दक्षता और प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हम सभी यह संकल्प लेते है कि ना केवल अपने को साइबर क्राइम से सुरक्षित रखेंगे अपितु समाज को भी इसके लिए जागरूक करेंगे।



### महाविद्यालय में समान नागरिक संहिता विषयक जागरुकता एवं जन-परामर्श बैठक आयोजित

**गढ़ाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में समान नागरिक संहिता विषय पर जन-जागरूकता एवं विचार-विमर्श बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तथा लिंक के माध्यम से सभी ने अपने-अपने विचारों को साझा करते हुए अपने विचार ऑनलाइन दर्ज किए। बैठक में अमन लोधी, सहायक प्राध्यापक द्वारा समान नागरिक संहिता की अवधारणा, उद्देश्य, आवश्यकता तथा सामाजिक एवं विधिक महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को शासन द्वारा आमंत्रित जन-सुझाव प्रक्रिया के संबंध में भी अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी शिम्पी मौर्या, ग्रंथपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी महत्वपूर्ण नीति निर्माण में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मंच पर अपने विचार एवं सुझाव साझा करने का आग्रह किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने कहा कि जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में सभी को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपनी रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



### भाजपा सरकार पर परीक्षा घोटालों और युवाओं की संस्थानिक हत्या का कांग्रेस ने लगाया आरोप

**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी सागर द्वारा एक संयुक्त पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आयोजित इस पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी राहुल शर्मा एवं जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने संयुक्त रूप से केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, वरिष्ठ नेता मुकुल पुरोहित, अखिलेश मोनी केसरवानी एवं जिला प्रवक्ता कमलेश तिवारी व सूर्या शुक्ला, नीलेश अहिरवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के सागर जिला प्रभारी राहुल शर्मा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में हुए ऐतिहासिक भ्रष्टाचार और धांधली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इस महाघोटाले के कारण देश भर के 22.7 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में लटक गया है। अत्यंत दुखद पहलू यह है कि इस परीक्षा में हुई भीषण अनियमितताओं, मानसिक प्रताड़ना और न्याय की उम्मीद टूटने के कारण देश भर में लगभग 93 से अधिक नीट अभ्यर्थी आत्महत्या (सुसाइड) कर चुके हैं, जिसमें अकेले हालिया विवाद के बाद महज डेढ़ महीने के भीतर ही 12 से अधिक होनहार छात्रों ने मौत को गले लगा लिया है। जिला प्रभारी राहुल शर्मा ने कड़े शब्दों में आरोप लगाया कि ये आत्महत्याएं नहीं हैं, बल्कि इस भ्रष्ट व निकम्मी व्यवस्था द्वारा की गई संस्थानिक हत्याएं हैं, जिसकी सीधी जिम्मेदार केंद्र की भाजपा सरकार है। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने नीट परीक्षा के कारण परिवारों पर पड़ने वाले भारी आर्थिक बोझ और मध्य प्रदेश के परीक्षा घोटालों पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कोटा या इंदौर जैसे शिक्षा केंद्रों में एक छात्र की कोचिंग, हॉस्टल और पढ़ाई का सालाना खर्च 2 से 5 लाख रुपये तक बैठता है, जिसके लिए गरीब और मध्यमवर्गीय माता-पिता अपनी जमीनें गिरवी रखते हैं या भारी कर्ज लेते हैं। जब सरकार और शिक्षा माफिया मिलकर पेपर लीक करते हैं, तो वह सिर्फ पेपर लीक नहीं होता, बल्कि उस पूरे परिवार की रीढ़ की हड्डी टूट जाती है और वे कर्ज के अंतहीन दलदल में धंस जाते हैं।

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण विवाद में हुई थी किसान की हत्या, 2 आरोपी हत्थे चढ़े

# पुलिस का खुलासाः लाठी-डंडे से हत्या कर कुएं में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सरईवन में विगत सोमवार एवं मंगलवार की दरम्यानी रात्रि हुई अधैड़ किसान की जनघन्य हत्या के मामले में थाना पुलिस द्वारा 24 घंटे में मामले का पर्दाफाश करते हुए वारदात के आरोपी पिता-पुत्र को गिरप्तार कर लिया है जिसमें एक नाबालिग शामिल है। मामले के 2 आरोपी अभी फरार बने हुए है जिनकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश कर रही है।

विदित हो कि महाराजपुर थाना के ग्राम सरईवन में विगत सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे गांव के निवासी किसान कुंजन यादव 40 वर्ष अपने खेत जाते हुए रास्ते से लपता हो गये थे जिनका शव मंगलवार सुबह पुलिस द्वारा परिजनों की निशानदेही पर गांव के समीप भटार वाले हार स्थित प्रहलाद राजपूत के खेत में बने कुंये से बरामद किया गया था। घटना स्थल पर मिले साक्ष्य एवं संदिग्ध परिस्थितियों के चलते पुलिस द्वारा मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए। मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर संदेही ग्राम के निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें उसके द्वारा अपने पुत्रों एवं दामाद के साथ मिलकर लाठी डंडों से मृतक की हत्या किया जाना स्वीकार किया। मामले में थाना पुलिस द्वारा 4 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरप्तार कर लिया गया है, जिसमें एक नाबालिग शामिल है।



### लाठी डंडों से हत्या कर शव कुएं में फेंका

पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कुंजन यादव सोमवार रात्रि जब अपनी मोटर बाइक से अपने खेत में बखरनी कर रहे, ट्रेक्टर चालक को खाना देने जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में आरोपी मदन गौड़ के खेत से होकर निकली मेढ़ से बाइक निकालने को लेकर मदन गौड़ उसके पुत्र एवं दामाद ने उसके साथ विवाद शुरू कर दिया और एक राय होकर लाठी डंडो से हमला कर दिया। आरोपियों के हमले में कुंजन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आरोपियों ने घटना को छिपाने की नीयत से शव को घसीटकर घटनास्थल से दूर प्रहलाद राजपूत के खेत में बने कच्चे कुंये में फेंक दिया और मौके से फरार हो गये।

मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी मदन गौड़ द्वारा मृतक खेत को जाने वाले रास्ते एवं उससे सटी वन भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। उनके अनुसार वन अधिकार समिति चक्क सरईवन द्वारा विगत 2020 में आरोपी एवं उसकी पत्नि को वनभूमि के कम्पार्टमेंट क्र.पी.एफ.1095 के खसरा नंबर 15/2 में 1.122 हेक्टेयर भूमि का वन अधिकार पट्टा प्रदान किया गया था। परंतु आरोपी द्वारा उससे सटी हुई लगभग 5 एकड़ से अधिक वन भूमि एवं निकासी रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया है। एवं वहा से गुजरने वाले कृषकों का रास्ता बंद कर दिया है जिसके कारण आये दिन विवाद होता था। उसी के चलते आरोपियों द्वारा कुंजन की जघन्य हत्या कर दी गई।

### वारदात के 2 आरोपी पकड़े

पुलिस द्वारा घटना के मुख्य आरोपी मदन गौड़ एवं एक नाबालिग को गिरप्तार कर लिया है। जबकि घटना में वांछित मुख्य आरोपी के दामाद रीतेश एवं एक अन्य आरोपी फरार जिनकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी अजय सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना के 2 आरोपियों को गिरप्तार किया गया है, जबकि शेष 2 आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होने बताया कि विवाद की वजह निकासी रास्ते को लेकर चल रहा विवाद था।

**खबर संक्षेप**

### छात्रों को विधिक कानून फॉरेंसिक साइंस व नए कानून की जानकारी दी

**ललितपुर ।** कानून के छात्रों के लिए फॉरेंसिक साइंस और नए आपराधिक कानूनों पर विशेष व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत ने छात्रों को बताया कि कोर्ट रूम में किसी भी आरोपी को सजा दिलाने या बेगुनाह को बचाने में कैसे फॉरेंसिक साक्ष्य सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं। विशेषज्ञ डॉ. अंजली अग्रवाल ने छात्रों को फॉरेंसिक साइंस और नए आपराधिक कानूनों की बारीकियों से रूबरू कराया। क्राइम सीन पर साक्ष्यों की सुरक्षा छात्रों को सिखाया गया कि अपराध स्थल से बाल, खून के धब्बे और उंगलियों के निशान कलेक्ट करते समय 'चेन ऑफ कस्टडी' का पालन कैसे किया जाता है, ताकि अदालत में सबूतों की विश्वसनीयता अटूट रहे। फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी जहरखुरानी, हत्या और दुर्घटना के मामलों में पोस्टमार्टम और बिसरा जांच रिपोर्ट का विश्लेषण करना सिखाया गया, ताकि छात्र कोर्ट रूम में सटीक तकनीकी तर्क रख सकें। अंत में चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल वैभव कुमार ने विधि के विद्यार्थी को बी एन एस एस/बी एन एस के तहत साक्ष्यों की अनिवार्यता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नए प्रावधानों के तहत अब गंभीर अपराधों में फॉरेंसिक जांच को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके कानूनी और तकनीकी पक्षों पर छात्रों का विशेष मार्गदर्शन किया। इस प्रशिक्षण के बाद अब ये भावी वकील अदालतों में फॉरेंसिक रिपोर्ट का सटीक विश्लेषण कर न्याय प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बना सकेंगे।

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के पत्र सौंपे

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को अनुकंपा नियुक्ति के दो प्रकरणों में संबंधितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कलेक्टर ने आंचल दुबे पुत्री स्व. श्रीराम दुबे निवासी चन्देरी रोड वार्ड न.01 मुंगावली जिला अशोकनगर को राजस्व विभाग में सहायक ग्रेड-03 के पद पर तथा अजय रैकवार पुत्र स्व. रामकिशन रैकवार निवासी वार्ड नं.15 हाटकापुरा चन्देरी जिला अशोकनगर को कर्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के नियुक्ति पत्र सौंपे।

कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# राम मंदिर दान प्रकरण की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में दान और चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता एवं चोरी के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। ऐसे पवित्र स्थल से जुड़े किसी भी प्रकार के कथित घोटाले या चोरी की खबरें देशभर के राम भक्तों की भावनाओं को आहत करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं के आरोप सामने आए हैं तो उनकी पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराना आवश्यक है, ताकि लोगों का विश्वास बना रहे। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने की जानकारी सामने आई है, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज न होने से जांच प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि किसी भी गंभीर मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत प्राथमिकी दर्ज होना आवश्यक है, जिससे जांच निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ सके। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक, नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे, कुलदीप पाठक, राजपाल सिंह, संजय कुमार जैन, रामभरोसे, महेश चंद्र, मकरंद किलेदार, पुनीत देवलिया, राकेश रजक, शिशुपाल लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनएच-44 पर भीषण हादसा

## ब्रेक लगाने से ट्रकों की टक्कर, चालक के पैर में तीन फ्रैक्चर, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बिरधा पुलिस चौकी के समीप सोमवार दोपहर एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। झांसी से नागपुर की ओर जा रहे एक ट्रक के सामने चल रहे वाहन चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक कर अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसा। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के जिला मेवात (नूंह) अंतर्गत तावडू निवासी ईसब पुत्र कमरुद्दीन ने कोतवाली ललितपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र तोहीद ट्रक चालक है। 22 जून को वह ट्रक संख्या एन.एल.-01 ए.जी. 5691 लेकर झांसी से नागपुर की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 12 बजे जब उसका वाहन बिरधा एनएच-44 पुलिस चौकी के निकट पहुंचा, तभी सामने चल रहे ट्रक संख्या यू.पी.-53 डी.टी. 8772 के चालक ने अचानक ओवरटेक कर वाहन के आगे तेज ब्रेक लगा दी। अचानक सामने आए इस खतरे से तोहीद को संभलने का मौका नहीं मिला और उसका ट्रक आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक केबिन में फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को काफी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार झांसी में कोई परिचित न होने के कारण घायल की समुचित देखभाल में कठिनाई हो रही थी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन वहां पहुंचे और बाद में बेहतर उपचार के लिए उसे हरियाणा के नूंह ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने उसके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर होने की पुष्टि की है। आरोप है कि सामने चल रहे ट्रक चालक की लापरवाही और अचानक ब्रेक लगाने के कारण यह दुर्घटना हुई। चालक सावधानी बरतता तो गंभीर हादसा टाला जा सकता था।

तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## पढ़ाई कर रहे छात्रों को पड़ोसियों ने डंडों से पीटकर जान से मारने की धमकी दी

गालियों की आवाज सुनकर जब वे लोग घर से बाहर निकले और आरोपियों को ऐसा करने से मना किया, तो तीनों युवक भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के लेडियापुरा मोहल्ले में घर पर पढ़ाई कर रहे छात्रों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस के तीन युवकों ने घर के बाहर आकर गाली-गलौज की और विरोध करने पर छात्रों को लाठी-डंडों एवं लात-घूंसों से पीट दिया। घटना में दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेडियापुरा (आजादपुरा द्वितीय) निवासी रोमेश निरंजन पुत्र हीरालाल निरंजन सोमवार रात करीब 10.40 बजे अपने चचेरे भाइयों धर्मेंद्र पुत्र इंद्रपाल तथा सोमेश पुत्र रघुवीर के साथ घर पर बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। तभी मोहल्ले के ही रहने वाले मनोज यादव, बल्लू यादव और नरेश यादव उनके घर के बाहर पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। गालियों की आवाज सुनकर जब वे लोग घर से बाहर निकले और आरोपियों को ऐसा करने से मना किया, तो तीनों युवक भड़क गए। आरोप है कि उन्होंने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट में रोमेश और उसके चचेरे भाई धर्मेंद्र को चोटें आईं। मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते उन्होंने दोबारा शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी। छात्र कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण भी कराया गया है। आरोपी मनोज यादव, बल्लू यादव और नरेश यादव के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बिरधा चौकी अंतर्गत खड़ेरा में घर में घुसकर परिवार पर हमला

## पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने महिला के सिर पर रॉड से वार किया,बच्चों समेत चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र की बिरधा चौकी अंतर्गत ग्राम खड़ेरा में मंगलवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि गांव के दो युवक घर में घुस आए और गाली-गलौज का विरोध करने पर एक महिला, उसके बेटे तथा दो मासूम बच्चों पर लोहे की रॉड और लाठियों से हमला कर दिया। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनमें महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम खड़ेरा निवासी जानकी पत्नी स्वर्गीय कुंजन लाल मंगलवार सुबह करीब 9:40 बजे अपने नाती-पोतों के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के ही राजकुमार उर्फ राजू पुत्र गणेश प्रसाद तथा रविकांत पुत्र स्वर्गीय पूरन लाल उर्फ पुन्ना उनके घर पहुंचे और किसी पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगे। विवाद के दौरान आरोपियों ने घर में मौजूद छोटे बच्चों के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। जब जानकी ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि राजकुमार उर्फ राजू ने लोहे की रॉड उठाकर जानकी के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया, जिससे उनका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ीं। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। मारपीट के दौरान जानकी के 12 वर्षीय नाती निखिल, 8 वर्षीय नातिनी तनिष्का तथा उनके पुत्र सुरेश कुमार (36 वर्ष) भी घायल हो गए। परिजनों के अनुसार आरोपियों ने किसी को भी नहीं बख्शा और रॉड तथा अन्य वस्तुओं से हमला कर पूरे परिवार में दहशत फैला दी। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल परिवार पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए घायलों को उपचार एवं चिकित्सीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा। चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। जानकी की तहरीर के आधार पर आरोपी राजकुमार उर्फ राजू और रविकांत के खिलाफ तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### तालबेहट पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया

जिले में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष मिश्र के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने ग्राम भरतपुरा से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में ग्राम भरतपुरा निवासी फूलवती पत्नी श्यामलाल, हिना पत्नी रज्जन तथा हरचरन पुत्र श्यामलाल शामिल हैं। पुलिस ने तीनों वारंटियों को 24 जून को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी की कार्रवाई थाना तालबेहट के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा संपन्न की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं न्यायालय से जारी वारंटों के तामील हेतु अभियान लगातार जारी रहेगा तथा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व नपाध्यक्ष कीर्तिशेष सरला जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की श्रृंखला

## सुंदरकांड पाठ, गो-पूजन, असहाय सेवा और भोजन वितरण कर स्मरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नगर पालिका परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. सरला जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को नगर में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, नगरवासियों तथा पालिका परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जनसेवा के कार्यों को स्मरण किया। शुरुआत सदर कोतवाली के सामने स्थित रैन बसेरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा से हुई। यहां सुबह 10 बजे श्री सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों ने सहभागिता की। तदोपरांत दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में गौ-पूजन कार्यक्रम नपाध्यक्ष सोनाली जैन, विवेक जैन, मुन्नालाल जैन एवं उनके परिजनों ने गौवंश पूजन व पौधरोपण के साथ किया। शाम को पनारी स्थित मदर टेरेसा होम में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा की गई। इसके पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा सेवा संघ में भोजन वितरण किया। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहरलाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र, पूर्व विधायक पूरन सिंह बुन्देला, चन्द्रभूषण सिंह बुन्देला गुडडू राजा, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, प्रदीप चैबे, जगदीश लोधी, हरीराम निरंजन, अजय पटैरिया, बब्बू राजा, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, गौरव, अमरसिंह गौर, लक्ष्मी, रूचिका, रजनी साहू, रजनी अहिरवार, मानविंदर कौर, गौरव चौधरी, धर्मेन्द्र पाठक, अनिल अंचल, प्रदीप खैरा, डा.अक्षय टडैया, कैलाश नारायण डियोडिया, विलास पटैरिया, मनमोहन जडिय़ा, हरीश कपूर टीटू, अज्जू बाबा, नीतेश संज्ञा, वीरेन्द्र सिंह, डा.एस.पी.पाठक, डा.पवन सूद, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, पवन सिंह, गजेन्द्र सिंह, विकास श्रीवास्तव, अविनाश जैन, राजेन्द्र जैन, काशीनाथ नायक, संतोष तिवारी, अनुराग शैलू, अजय बरया आदि मौजूद रहे।

शराबी दबंगों का चौबयाना में तांडव, चार पर मुकदमा दर्ज

## युवक के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया बीच-बचाव करने वाली मां से भी मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर कोतवाली क्षेत्र के चौबयाना मोहल्ले में सोमवार रात दबंगों द्वारा घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत चार युवक घर पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौबयाना निवासी राज सैनी पुत्र स्व. सुदामा प्रसाद सोमवार रात करीब 10 बजे अपने घर पर मौजूद थे। तभी लक्ष्मीपुरा निवासी मूक्कू राजा, शिवान्स राजा चौहान, दुशु सिंह जादौन तथा उनका एक अज्ञात साथी कथित रूप से शराब के नशे में वहां पहुंच गए। आरोप है कि आते ही सभी ने राज सैनी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपी उग्र हो गए और लात-घूंसों तथा लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपी ने पीछे से उनके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। रॉड लगने से उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के दौरान घर में चीख-पुकार मच गई। बेटे को घायल देख उसकी मां रामकली बचाने के लिए आगे आईं, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। आरोप है कि जाते-जाते दबंग पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन घायल राज सैनी को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी गई।

विश्व योग दिवस पर प्रशांति विद्या मंदिर में योग एवं पर्यावरण संगोष्ठी आयोजित की गई

# स्वस्थ समाज के लिए योग और पर्यावरण संरक्षण आवश्यक : सार्थक सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी नगर स्थित प्रशांति विद्या मंदिर में योग एवं पर्यावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला विषय पर एक विचार गोष्ठी एवं काव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ए.के. श्रीवास्तव रहे, जबकि अध्यक्षता अशोक स्वामी ने की। वक्ताओं ने कहा कि योग और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि मानव को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीना है तो उसे नियमित योगाभ्यास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर योग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं तथा विद्यालयों में भी बच्चों को इन दोनों विषयों की शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी में युवा वक्ताओं ने अंग्रेजी भाषा में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए योग और पर्यावरण के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की। सार्थक सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग और पर्यावरण दोनों मानव जीवन के लिए समान रूप से आवश्यक हैं। योग जहां शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित बनाता है, वहीं स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण जीवन के अस्तित्व की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि यदि हम प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता जैसे कार्यों में सहभागिता निभाएं, तो आने वाली पीढ्यों को एक स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सकता है। महिमा पराशर ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। योग हमें अनुशासन, संयम और मानसिक शांति का मार्ग दिखाता है, जबकि पर्यावरण संरक्षण हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच योग और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता ही मानव समाज को संतुलित एवं सुखी बना सकती है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने तथा योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने योग के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और सकारात्मक दिशा देने वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और सकारात्मक सोच मिलकर ही एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे साहित्यकार जहीर ललितपुरी ने अपने संबोधन में इस्लाम में योग की उपयोगिता का सुंदर एवं तथ्यपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि योग के अनेक सिद्धांत मानव कल्याण, आत्मानुशासन, संयम और मानसिक शांति की भावना से जुड़े हैं, जो विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों के मूल मानवीय मूल्यों से सामंजस्य स्थापित करते हैं। उनके विचारों को उपस्थित जनों ने सराहा। इस अवसर पर विभिन्न साहित्यिक कृतियों के सृजन हेतु जहीर ललितपुरी को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने योग, प्रकृति और मानवीय मूल्यों पर आधारित सार्थक रचनाओं का पाठ कर वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में अनुराग चतुर्वेदी, एड.पुष्पेंद्र चौहान, अखिलेश शांडिल्य, पंकज अंगार, राजीव चौबे, अरमान, विजय श्रीवास्तव, उत्कर्ष श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, सार्थक सक्सेना, महिमा पराशर, रश्मि सक्सेना एवं ऊषा सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अजय श्रीवास्तव ने किया तथा अंत में डा.प्रबल सक्सेना ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर को निर्देश दिए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया से जुडे दस्तावेज 2 जुलाई को उपलब्ध कराएं

# श्योपुर नपाध्यक्ष प्रकरण में कोर्ट ने तलब किया संपूर्ण रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नपाध्यक्ष के खिलाफ वोट चोरी कर सरकार बनाने के मामले में सुनवाई करते हुए श्योपुर जिला न्यायालय ने गुरुवार को चुनाव संबंधित पूरी प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज 2 जुलाई तक अदालत में उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर शीला दाहिमा को दिए हैं। यह निर्देश याचिका कर्ता सुमेर सिंह के वकील हाफिज शरीफ मोहम्मद एडवोकेट द्वारा निर्वाचन प्रक्रया से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने की मांग पर दिए हैं।

दरअसल पार्षद सुमेर सिंह ने रिट याचिका दायर करते हुए अदालत से याचना की थी कि वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद रेणु राठौर नियम विरुद्ध टेंडर वोट डलवाकर नगर पालिका अध्यक्ष बनी हैं। पार्षद सुमेर का कहना है कि टेंडर वोट नियम विरुद्ध डलवाए गए हैं जो अवैध है। जबकि नपाध्यक्ष रेनू राठौर निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ अपनाई गई प्रक्रिया बता रही हैं। सुमेर की ओर से पैरवी कर रहे वकील हाफिज शरीफ मोहम्मद ने अदालत से अनुरोध किया कि उनके पास यह जानकारी नहीं हैं कि टेंडर वोट किन-किन पार्षद के लिए किन लोगों ने डाले हैं उनसे पार्षद का क्या रिश्ता है। डॉक्टर ने वोट डालने के लिए गंभीर मरीज घोषित किया था या फिर मेडिकल बोर्ड ने प्रमाण पत्र दिए थे उसकी जानकारी फाइल में नहीं है वह उपलब्ध कराई जाए। सुमेर के वकील ने जो कागजात मांगे हैं वो अदालत के पास भी नहीं है इसलिए कोर्ट ने पूरे दस्तावेज 2 जुलाई तक अदालत में उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। कलेक्टर को दिए निर्देश के बाद अब कलेक्टर की ओर से नामित अधिकारी या स्वयं कलेक्टर उक्त दस्तावेजों को लेकर 2 जुलाई को अदालत में उपस्थित होंगे, जिसमें निर्वाचन से जुड़ी अधिसूचना से लेकर पूरी प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।




#### अदालत खारिज कर चुकी सुमेर का दावा

जो प्रकरण पार्षद सुमेर सिंह और नपाध्यक्ष रेनू राठौर के बीच जिला न्यायालय में चल रहा है उस मामले में जिला न्यायालय सुमेर सिंह की याचिका पूर्व में खारिज कर चुका है। अदालत ने सुमेर सिंह की याचिका सुनने लायक ही नहीं समझी थी इस मामले की पार्षद सुमेर ने हाई कोर्ट ग्वालियर में अपील की थी जिस पर साल भर चले प्रकरण में नपा अध्यक्ष को 7 महीने तक पावर लेस होकर रहना पड़ा बाद में हाई कोर्ट ने इस मामले में पूरी सुनवाई करने के निर्देश जिला न्यायालय को दिए थे जिसके बाद यह प्रकरण अब दोबारा से जिला न्यायालय में सुनवाई के लिए आया है।

#### चार पार्षद ने डलवाए थे दूसरों से वोट

रेनू राठौर पहले वार्ड क्रमांक 13 से कांग्रेस दल के टिकट पर चुनाव लड़कर पार्षद निर्वाचित हुई बाद में बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव लड़वाने के लिए पिछड़ा वर्ग महिला कैंडिडेट नहीं मिलने के कारण रेनू राठौर को भाजपा ने अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया लेकिन इस प्रक्रिया में रेनू राठौर के पक्ष में चार पार्षदों ने खुद वोट ना कर दूसरों से वोट डलवाए जिसे पार्षद सुमेर सिंह ने दोषपूर्ण चुनावी प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह खरीद फरोख्त का मामला है और इस मामले में अध्यक्ष को अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। उधर अध्यक्ष पक्ष का कहना है कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ अपनाई गई है टेंडर वोट पार्षद की स्वेच्छा अनुसार दूसरे से डलवाए जा सकते हैं उनका सहमति पत्र लगाया गया था जबकि सुमेर सिंह का कहना है कि टेंडर वोट गंभीर बीमारी की अवस्था में अपने नजदीकी रिश्तेदारों के हाथों डलवाया जा सकते हैं इस गंभीर बीमारी का मेडिकल बोर्ड से प्रमाण पत्र लेना भी जरूरी होता है, सूत्रों की माने तो रेनू राठौर उक्त पार्षदों के गंभीर बीमार होने के मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र अदालत में उपलब्ध नहीं करा पाई हैं और मेडिकल बोर्ड के प्रमाण पत्र की जरूरत है या नहीं, वोट नजदीकी रिश्तेदार को डालना चाहिए या पार्षद के बताएं अनुसार किसी से डलवाया जा सकता है यह सब अदालत तय करेगी।

### युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले मेरे खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर झूठी, भाजपा ने रचा षडयंत्र

# होटल में खाने को लेकर विवाद, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड स्थित एक होटल में बुधवार की रात करीब 11 बजे खाना खिलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने होटल संचालक की शिकायत पर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा समेत पांच लोगो के खिलाफ मारपीट करने की एफआईआर दर्ज कर ली है। उधर युवका कांग्रेस श्योपुर के जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को सरासर झूठी बताते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा ने षडयंत्र रचते हुए मेरे के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई है।

शहर के शिवपुरी रोड क्षेत्र में संचालित चौकी ढाणी होटल संचालक सुमित पुत्र देवेन्द्र कुमार गर्ग ने बुधवार की देर रात को कोतवाली थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि बुधवार को करीब 11 बजे होटल के बंद हो जाने के बाद रामभरत मीणा, भोला जाट, हेमंत जाट समेत कुछ लोग खाना खिलाने की कहने लगे। इस दौरान उन्हें यह बता दिया गया कि अब खाना नहीं मिलेगा, क्योंकि होटल बंद हो गया है। इसी बात को लेकर इन्होने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। साथही पुलिस के समक्ष एक वीडियो भी प्रस्तुत की है,जिसमें विवाद होता साफ नजर आ रहा है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने होटल संचालक सुमित गर्ग की रिपोर्ट पर श्योपुर के युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा, भोला जाट, हेमंत जाट तथा 2 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गाली गलौच और मारपीट की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।




#### मुझे झूठा फंसाने भाजपा ने रचा षडयंत्र, धरने पर बैठूंगा:रामभरत

युवका कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा ने उनके खिलाफ कोतवाली थाने में दर्ज हुई मारपीट की एफआईआर को सरासर झूठा बताते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा ने षडयंत्र रखकर उसके खिलाफ झूठा मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया है और पुलिस ने भी भाजपा के दबाव में सत्यता की जांच किए बिना मेरे के खिलाफ झूठा मामला दर्ज कर दिया है। लेकिन भाजपा के इस षडयंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा और इस झूठे मामले के खिलाफ धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करूंगा।

#### जैसा करोगे,वैसा भरोगे:भूषण

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा के आरोप पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने पलटवार करते हुए कहा कि होटल पर जाकर खाने की बात को लेकर मारपीट करोगे तो मारपीट तो दर्ज होगी सही। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडियों पर जो वीडियों सामने आया है, उसमें मारपीट करने की बात साफ दिख रही है। मतलब साफ है कि जैसा करोगे, वैसा ही भरोगे।

#### इनका कहना..

पुलिस झूठी एफआईआर क्यों दर्ज करेगी। कोतवाली पुलिस ने वीडियो फुटेज देखने के बाद होटल संचालक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की है और अब मामले की विवेचना की जा रही है, विवेचना के दौरान मामले की सत्यता सामने आ जाएगी।

**राजीव गुप्ता**
**एसडीओपी,श्योपुर**

# किसानों की समस्याओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम ननावद स्थित बाग के हनुमान जी मंदिर पर गुरूवार को किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला की अगुवाई में क्षेत्रीय किसानों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक आंदोलन करने का रणनीति बनाई।

बैठक में किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंड़ला ने कहा कि लंबे समय से जिले में खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी, कृषि पंपों पर बढ़े हुए बिजली बिल, बिजली कंपनी का भ्रष्टाचार, पानी एवं सिंचाई संकट, चंबल नहर में पानी छोड़े जाने की मांग, 167 करोड़ की चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार, खेत सड़क योजना, नल-जल योजना एवं सड़क निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार, मूझरी बांध निर्माण की मांग तथा धान-गेहूं का बकाया मुआवजा जैसे गंभीर मुद्दों पर प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। बैठक में किसानों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अब समय आ गया है कि किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं एकजुट होकर संघर्ष करें। यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा।



#### खरीब सीजन के लिए भी चंबल नहर में छुडवाया जाए पानी

श्योपुर।भारतीय किसान संघ ने खरीफ सीजन की फसल के लिए चंबल नहर में पानी छोडे जाने की मांग को लेकर गुरूवार को जल संसाधन विभाग के कार्यलय पहुंचकर कार्यपालन यंत्री चैतन्य चैहान से मुलाकात की और उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी ने बताया कि सीएम के नाम जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि खरीफ सीजन में किसानों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है, लेकिन बिजली पर्याप्त न मिलने के कारण किसान पानी के लिए परेशान हो जाता है। जबकि वर्षा के समय अधिकांश डैमो का पानी नदियों में बहाया जाता है इस पानी को नदियो में बहाने की जगह नहरों में छोडा जाए। ताकि उसका उपयोग किसान जरूरत पडने पर सिंचाई के लिए कर सके। ज्ञापन में 1 जुलाई से किसानों को नहरों में पानी मिले इसके पूर्व नहर की सफाई सुनिश्चित की जाने, सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की टेस्टिंग तत्काल कराए जाने, नहर के छोटे बरो को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने, पक्के बने जल निकासियों की मरम्मत कराए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान भीम सिंह जाट, अशोक आर्य, वीरेंद्र सिंह जाट, शिशुपाल मीणा आदि किसान मौजूद थे।



# विजेता और उप विजेता बनी टीमों ने पुरस्कार की राशि मंदिर में की दान, लगेगा वाटरकूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार को भोगिका प्रीमियर लीग के फाइनल मैच को 84 रनों से जीतकर गोहेडा की क्रिकेट टीम विजेता बनी। जबकि फाइनल मैच हारने वाली काचरमोली की टीम उप विजेता बनी। आयोजन समिति ने दोनो टीमो को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान की। विशेष बात यह है कि विजेता और उप विजेता टीमो के खिलाडियों ने पुरस्कार राशि को स्वयं पर खर्च न करते हुए पडासल्या हनुमान मंदिर पर वाटर कूलर लगाने के लिए मंदिर समिति को दान कर दी। अब मंदिर समिति जल्द ही दान की राशि से वाटरकूलर लगाएगी, ताकि श्रद्धालुओ को प्यास बुझाने के लिए शीतल जल मिल सके। दोनो क्रिकेट टीमो ने उठाए इस सराहनीय कदम की चारो तरफ प्रशंसा की जा रही है।

# बेल्टो से पत्नी को पीटा पति पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के नागदा रोड वार्ड क्रमांक 11 नई मस्जिद के पास रहने वाली एक महिला की उसके पति ने बेल्टो से मारपीट कर दी। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पीडित महिला तयैबा 25 वर्ष पत्नी शाहरूख खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति ने मुझसे कहा कि तुम मुझे अच्छी नहीं लगती, इसलिए घर से निकल आ जाओ,मैने घर से निकलने से मना कर दिया, इसी बात पर गाली गलौच करते हुए पति ने मेरी बेल्टो से मारपीट कर दी। पुलिस ने शाहरूख के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

#### इधर युवती से छेड़छाड़

विजयपुर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ नामजद आरोपी ने उस समय छेडछाड कर दी,जब युवती अकेली खेत पर थी। इस मामले में पुलिस ने पीडित युवत की शिकायत पर आरोपी हन्नो उर्फ हरिसिंह रावत निवासी दूल्हावाला के खिलाफ छेडछाड की एफआईआर दर्ज कर ली है।

### नीट पेपर को लेकर कांग्रेस की प्रेस वार्ता आयोजित

# सरकार को छात्रों की समस्या से सरोकार नहीं, साधे जा रहे निजी हित: जंडेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार को छात्र-छात्राओं की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है वह तो इस मामले में भी अपने निजी हित साधने में लगी हुई हैं। देश के हजारों युवाओं का भविष्य में नीट परीक्षा पेपर लीक कांड ने बर्बाद कर दिया है। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कही।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई को आयोजित हुई नीट (यूजी) 2026 की परीक्षा को पेपर लीक की शिकायत के बाद रद्द कर दिया था. नीट पेपर लीक मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग की. उधर कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राहुल गांधी ने शिक्षा हब के रूप में प्रसिद्ध हो चुके राजस्थान के कोटा शहर में छात्रों के साथ मिलकर बड़ा प्रदर्शन किया। घटना को कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कर राजनीतिक लाभ लेने की जुगत में है। जिसके चलते हर जिला मुख्यालय पर नीट पेपर लीक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इस क्रम में जिला मुख्यालय श्योपुर में गुरुवार को पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें विधायक बाबू जंडेल ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, कांग्रेस जिला कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, दिनेश सिकरवार, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम भरत मीणा आदि मौजूद रहे।




#### विधायक ने सीएम को बताया पर्ची वाला मुख्यमंत्री

विधायक बाबू जंडेल ने प्रश्नों के जवाब देते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पर्ची वाला मुख्यमंत्री बता दिया उन्होंने कहा कि डॉ मोहन यादव अपनी योग्यता के बूते मुख्यमंत्री नहीं बने हैं बल्कि राजनीति में हठ -धर्मिता जो भाजपा कर रही है उसकी परिणति स्वरूप वह आज मुख्यमंत्री हैं। ऐसा अवसर उन्हें भाग्य से मिला है जो वह इसको छोड़ना नहीं चाहते यही कारण है कि उन पर 268 हेक्टेयर भूमि अपने रिश्तेदारों के नाम पर करने का आरोप लगा है। उन्होंने कहा कि डॉ मोहन यादव ने अपने रिश्तेदारों के नाम जमीन करवा कर वहां हाईवे निकालना और दूसरे आयोजन करने का काम किया है जिससे उन्हें जमीन के बदले मोटा मुआवजा मिल सके.

### झगड़े और विरोध प्रदर्शन का विपरीत असर पड़ रहा श्री हजारेश्वर मेले पर

# एफआईआर और गिरफ्तारी के बाद संचालित हुआ मेला पर झूले बंद रहने से उड़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मेला ठेकेदार समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी और उन्हें जेल भेजे जाने के बाद श्री हजारेश्वर महादेव मेला चालू तो हो गया है, लेकिन उसकी रौनक गायब रही। दूरदराज शहरों से व्यवसाय करने आए दुकानदार अपनी दुकाने खोलकर बैठे दिखे लेकिन मेले की मुख्य रौनक झूले पूरी तरह बंद रहे। जिससे जो सैलानी मेले में पहुंचे वे मन मसोसकर वापस आ गए वैसे भी बुधवार को बहुत कम सैलानी मैला देखने पहुंचे थे, झगड़ा और विरोध प्रदर्शन का मेले पर बुरा असर पड़ता साफ दिखाई दे रहा है। अब आगे मेला अपने शबाब पर आएगा या नहीं इसके सिर्फ कयास लगाए जा रहे हैं।

सोमवार की रात को झूला झूलने को लेकर हुए विवाद के बाद मेले में जमकर लाठी डंडे चले और मारपीट हुई इस घटना का विरोध करते हुए जाट समुदाय से जुड़े नेताओं ने युवकों के साथ मेला गेट पर धरना प्रदर्शन किया और मेले के गेट पर ताला जड़ दिया। बाद में इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस और भाजपा के नेता भी जुड़ गए जिसका असर यह हुआ कि मंगलवार को मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे सहित अन्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भिजवा दिया। सोमवार को घटना के बाद रात 10:00 बजे ही मेले में मेला बंद हो गया था जबकि मेला रात 12:00 बजे के बाद तक संचालित होता है इसके बाद मंगलवार को मेला विरोध प्रदर्शन के चलते शुरू नहीं हो सका जब प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच कुछ बातों पर सहमति बनी तो मेले को संचालित करने की सूचना जारी की गई नपा अध्यक्ष ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लोगों से मेले का आनंद उठाने की अपील की पर बुधवार को जब लोग मेले में पहुंचे तो उन्हें मैला खुला कम और बंद अधिक दिखा। लाइट आधी अधूरी जली हुई थी कुछ कुछ दुकानदार अपना प्रोडक्ट बेचते जरूर दिखे लेकिन झूले इत्यादि मनोरंजन के साधन पूरी तरह बंद थे। जिससे मैला दोबारा शुरू करने वाले नपा प्रशासन के प्रयास धूमिल हो गए। ऐसी स्थिति में मेला कितना परवान चढ़ेगा क्या अब पहले की तरह दोबारा मेले में रौनक लौटेगी या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा अलबत्ता नगर पालिका ने होने वाले कार्यक्रम आयोजनों में कटौती करना जरूर शुरू कर दी है।



#### नहीं हुई आर्केस्ट्रा, मुशायरा भी बंद

मेले में हुए विवाद का असर मेल रंग मंच पर होने वाले सांस्कृतिक साहित्यिक कार्यक्रमों पर विपरीत रूप से पढ़ता दिख रहा है जहां 24 जून को मैला रंगमंच पर आर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित होना था उसे स्थगित करना पड़ा वहीं अब अन्य आयोजनों में भी कटौती की सूचना मिल रही है नगर पालिका सूत्रों की माने तो इस बार नगर पालिका ने मेला रंगमंच पर हर साल होने वाला अखिल भारतीय मुशायरा नहीं करने का निर्णय लिया है इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैला रंगमंच पर मुशायरा का आयोजन ना हो। दूसरे आयोजन भी समय पर होंगे या नहीं इसके भी सिर्फ कयास लगाए जा रहे हैं।

#### मेला ठेकदार समेत पांच को भेजा जेल,छठवें की तलाश तेज

बता दें कि कोतवाली थाना पुलिस ने श्री हजारेश्वर महादेव मेले में हुए विवाद के मामले में सौरभ जाट पुत्र चंदन जाट निवासी ददूनी की रिपोर्ट पर मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे तथा पांच अन्य के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में लूट और डकैती की धारा बढाते हुए मेला ठेकेदार भागचंद शिवहरे, बिल्ली उर्फ बिल्लो, नजमा खान, सोनिया उर्फ सोनू खान तथा जाकिर खान को अरेस्ट करके जेल भेज दिया है। बिल्ला और नजमा को जहां शिवपुरी जेल भेजा गया है। वहीं भागचंद, सोनू और जाकिर को श्योपुर जेल पहुंचा दिया गया। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि इस मामले में फरार बने छटवे आरोपी जाफिर की तलाश तेज कर दी गई है। इसके साथही गुरूवार को कोतवाली पुलिस ने मेला ठेकेदार भागचंद और सोनू खान को एक दिन की पुलिस रिमांड पर दिए जाने अनुरोध न्यायालय के समक्ष रखा है। ताकि फरियादी के द्वारा चैन लूट का जो आरोप लगाया जा रहा है,उसकी सच्चाई पता की जा सके।

# लोकतंत्र के लिए काला अध्याय था इंदिरा का आपातकाल:गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा जिला कार्यालय पर गुरूवार को कांग्रेस शासनकाल में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल की 51वीं बरसी पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाशनारायण गुप्ता मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने की। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी रामप्रसाद पारेता, सक्सेना, शम्भूदयाल जागा का शॉलश्री फल भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता कैलाशनारायण गुप्ता ने कहा कि भारत के लोकतंत्र का काला दिन 25 जून है, जिसमें 51 वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत के मूलभूत अधिकारों का हनन करते हुए आपातकाल घोषित कर दिया और देश में एक त्रासदी का संचार किया था, तत्समय देशभर में अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास किया और लाखो देशभक्तो को जेल में डाल दिया गया, कांग्रेस के इस अध्याय को पूरा देश काले दिवस के रूप में मनाता है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये आपतालकाल की काली यादें आज भी लोगो के जेहन में जिंदा है, जिसे भूलाया नहीं जा सकता, लेकिन आज की युवा पीढ़ी को इस बारे में जानना चाहिए कि कांग्रेस के शासन में किस प्रकार आम आदमी के अधिकारों को कुचला गया, जिसे इतिहास कभी माफ नहीं करेगा। इस दौरान संगोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, डॉ गोपाल आचार्य, रामलखन नपाखेड़ली, जिपं उपाध्यक्ष नीरज जाट, ओम राठौर, महावीर मित्तल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय अकोदिया ने किया।



#### लखनऊ हादसे को लेकर श्योपुर प्रशासन अलर्ट, कोचिंग संस्थानों का होगा निरीक्षण

श्योपुर। उत्तरप्रदेश के लखनऊ की कोचिंग संस्थान में हुए हादसे से श्योपुर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और लखनऊ जैसा हादसा श्योपुर जिले में न हो,इसके लिए कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों सहित हॉस्टलों, निजी चिकित्सालयों, होटल एवं अन्य बडे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा उपायो की जांच करने के लिए अनुभाग स्तरीय दलों का गठन कर दिया गया है। यह जांच दल सात दिवस में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार अनुभाग स्तर पर गठित निरीक्षण दल में संबंधित अनुभाग क्षेत्र के एसडीएम अध्यक्ष रहेंगे तथा अनुविभागीय अधिकारी विधुत यांत्रिकी लोक निर्माण विभाग, खण्ड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर तथा संबंधित निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कोचिंग संस्थानों, हॉस्टलों, निजी चिकित्सालयों, होटल एवं अन्य बडे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में इन दलो के द्वारा फायर सेफ्टी, इमरजेंसी एग्जिट, क्षमता से अधिक भीड आदि के संबंध में जांच की जायेगी। अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र में गठित इन दलों द्वारा निरीक्षण के दौरान यह देखा जायेगा कि कोचिंग संस्थान, हॉस्टल, निजी चिकित्सालय, होटल आदि नियमानुसार पंजीकृत है और उनके पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध है। इन भवनों के लिए संचालको द्वारा वैद्य फायर एनओसी ली गई है और बिल्डिंग में क्रियाशील अग्निशमन यंत्र स्थापित है, आवागमन के लिए उपलब्ध रास्ता सुरक्षा मानको के अनुरूप सही है। आपातकाल की स्थिति में इमरजेंसी एग्जिट की व्यवस्थाएं उपलब्ध है, शैक्षणिक संस्थाओ में क्षमता से अधिक विद्यार्थी तो नही है तथा शौचालय, पेयजल और सुरक्षा की क्या स्थिति है, इन सभी बिन्दुओं पर जांच कर निरीक्षण प्रतिवेदन सात दिवस में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले की पिपरई पुलिस ने ग्राम अमरौद निवासी सोनू यादव के पास से 25 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है, इसी ग्राम के सज्जन यादव के पास से पुलिस ने 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। अमरौद में ही रजनीश यादव के पास से पिपरई पुलिस ने 18 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने मग्गर सिंह निवासी उमरिया माफी के पास से 07 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। देहात पुलिस ने ही नहर कॉलोनी निवासी मनोज पाल से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अशोकनगर पुलिस को बड़ी सफलता

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश तथा एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नईसराय उनि. आशुतोष गुप्ता द्वारा 12 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 22.06.2026 को फरियादी द्वारा थाना नईसराय में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नईसराय में अपराध क्रमांक 138/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी नईसराय उनि आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से नाबालिग बालिका को जिला उज्जैन के ग्राम धतरावदा से मात्र 12 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाब बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी जया पत्नि प्रतीक श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से प्रतीक और मधु श्रीवास्तव द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

### शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** आज नगर परिषद पिपरई में शांति समिति की बैठक एसडीओपी सनम भी खान के मार्गदर्शन में रखी गई। जिसमें नगर में मोहर्रम पर निकलने वाले ताजियों को लेकर कहा गया कि पिपरई में हमेशा से धार्मिक आयोजन और सभी कार्यक्रम सदभावना के साथ संपन्न होते हैं, पिपरई की इस परंपरा को बनाकर रखा जाए। बैठक में प्रमुख कार्यक्रम में पानी की व्यवस्था एवं लाइट की व्यवस्था एवं बावड़ी पर खुले मैदान पर जाली लगवाने की बात कही। इस मौके पर तहसीलदार अंजना चैधरी थाना प्रभारी ओपी मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि लखन कटारिया एवं मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव और सभी जनप्रतिनिधि एवं सभी पत्रकार और आमजन जन भागीदारी बैठक में शामिल हुए।

### लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब की नई कार्यकारिणी घोषित

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में आयोजित की मासिक बैठक का आयोजन किया, जिसमें सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी को लेकर सर्व सम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन क्लब डायरेक्टर लायन कविता साहू एवं लायन वैशाली सलूजा की उपस्थिति में किया गया। नवीन कार्यकारिणी सत्र 2026-27 में लायन संतोष चंदेल को अध्यक्ष पद के लिए, मिथलेश यादव को सचिव पद के लिए रीना यादव को कोषाध्यक्ष पद के लिए व प्रियंका मेहता को क्लब एड मिनिस्ट्रेटर बनाया गया है।

---

डीजीपी से की शिकायत, थाना प्रभारी ने बताया बचाव का पैंतरा, दबाव बनाने के लिए की जा रही झूठी शिकायत

# चंदेरी में करोड़ों के सट्टा मामले ने पकड़ा तूल आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चंदेरी नगर में पिछले दिनों सामने आया आईपीएल सट्टे का मामला अब एक नया मोड़ ले चुका है। करोड़ों रुपये के इस कथित सट्टा नेटवर्क के खुलासे के बाद, अब इस मामले में सीधे चंदेरी पुलिस की कार्यप्रणाली पर ही गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।






मामले के मुख्य आरोपियों में से एक जितेंद्र धाकड़ ने पुलिस महानिदेशक भोपाल और मानव अधिकार आयोग को लिखित शिकायत भेजकर चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव और अन्य पुलिसकर्मियों पर अवैध रूप से बंधक बनाने, मारपीट करने और 2 लाख की रिश्वत मांगने के सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर, पुलिस ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे आरोपियों द्वारा खुद को बचाने का एक बुना हुआ जाल करार दिया है।

## आरोपी जितेंद्र धाकड़ का पक्ष पैसा नहीं दिया तो रची गई झूठी कहानी

शिकायतकर्ता जितेंद्र धाकड़ (निवासी मनोहरपुरा, मुरैना), जो पूर्व में चंदेरी और मुंगावली थाने में डायल 100 का चालक रह चुका है, ने डीजीपी को भेजे आवेदन में अपनी आपबीती बताते हुए आरोप लगाए हैं जिनमें अवैध हिरासत और मारपीट। जितेंद्र के अनुसार, वह 29 अप्रैल 2026 को एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने चंदेरी आया था। रात्रि लगभग 10 बजे मुंगावली चुंगी नाके के पास से आरक्षक आनंद राजपूत और दिलीप ओझा ने उसे और उसके साथी सौरभ सेन को बिना किसी कारण हिरासत में ले लिया और चंदेरी थाने ले आए।

## शिकायत में लूट का आरोप


शिकायत में कहा गया है कि थाने के पिछले कमरे में ले जाकर आरक्षक योगेंद्र रघुवंशी ने जितेंद्र की जेब से 8400 नगद और एटीएम कार्ड छीन लिया। इसके बाद टीआई प्रशांत यादव की मौजूदगी में आरक्षकों और टीआई के निजी ड्राइवर छोटू लोधी ने पट्टे से उसके पैरों के तलवों पर बेरहमी से 20-25 वार किए।

### 2 लाख की रिश्वत की मांग

जितेंद्र का आरोप है कि 30 अप्रैल की शाम टीआई ने उसे अपने केबिन में बुलाकर 2 लाख की व्यवस्था करने को कहा और धमकी दी कि पैसे न मिलने पर सट्टे का झूठा केस बनाकर जेल भेज दिया जाएगा। गिरफ्तारी की स्क्रिप्ट आवेदन में दावा किया गया है कि 30 अप्रैल की रात 8 बजे पुलिस दोनों को थाने के पिछले रास्ते से गाड़ी में बैठाकर चंदेरी बायपास स्थित तिलक ढाबे पर ले गई। वहां सब इंस्पेक्टर कदम सिंह मीणा और अन्य गवाहों को बुलाकर जबरन कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए, मोबाइल छीनकर खुद स्क्रीनशॉट लिए गए और मारपीट का डर दिखाकर सट्टा खेलने की बात स्वीकार करने का वीडियो बनाया गया। थाने के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और प्रगति पेट्रोल पंप के डिजिटल ट्रांजैक्शन की जांच कराई जाए, तो पुलिस की थ्योरी पूरी तरह झूठी साबित हो जाएगी यह कहना है जितेन्द्र का।

## चंदेरी थाना प्रभारी का पक्ष आरोपी का पैंतरा, पुलिस के पास पुख्ता सबूत

इन गंभीर और तीखे आरोपों को लेकर जब चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव से बात की गई, तो उन्होंने पूरी मुस्तैदी से पुलिस का पक्ष रखा और इन आरोपों को निराधार बताया। पुलिस प्रशासन का रुख इस प्रकार है। थाना प्रभारी ने बताया कि दिनांक 30 अप्रैल 2026 को अपराध क्रमांक 244(26) के तहत आईपीएल सट्टे के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की गई थी। जितेंद्र धाकड़ और सौरभ सेन को मुखबिर की पुख्ता सूचना के आधार पर बायपास से गिरफ्तार किया गया था। पहले क्यों छोड़ा? जब टीआई से सवाल किया गया कि रोजनामचा के अनुसार इन्हें पहले लाकर छोड़ दिया गया था और फिर 2 घंटे बाद दोबारा एफआईआर हुई? तो उन्होंने स्पष्ट किया कि पहली बार जब इन्हें पूछताछ के लिए लाया गया था, तब इनके पास सट्टे से जुड़ी पुख्ता सामग्री नहीं मिली थी। लेकिन जब दोबारा सटीक इनपुट मिला, तो सब इंस्पेक्टर कदम सिंह मीणा और टीम को भेजकर इन्हें बायपास से रंगे हाथों दबोचा गया।


जन सुनवाई
सेवा में,
श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय,
पुलिस मुख्यालय,भोपाल (म.प्र.)

### तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए सट्टे के कारोबार में संलिप्त तीसरे आरोपी दीपक धाकड़ को कैलारस से गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में कुछ अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। थाना प्रभारी प्रशांत यादव का बयान ये सारे आरोप पूरी तरह से मनगढ़ंत और झूठे हैं। आरोपी खुद को इतने बड़े सट्टे के मामले से बचाने के लिए और पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से इस तरह की शिकायतें कर रहा है। पुलिस की कार्रवाई पूरी तरह कानूनी और साक्ष्यों पर आधारित है।

### अब जांच के दायरे में चंदेरी पुलिस और आरोपी

करोड़ों के सट्टे के इस खेल में अब खाकी पर लगे आरोपों ने अशोकनगर जिले के प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। एक तरफ जहां पुलिस इसे आईपीएल सट्टा नेटवर्क के खिलाफ अपनी बड़ी कामयाबी मान रही है, वहीं दूसरी तरफ मानवाधिकार आयोग और डीजीपी तक पहुंची यह शिकायत पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा करती है।

---

## लीनेश क्लब द्वारा विश्व योग दिवस मनाया गया



**अशोकनगर।** लिनेश क्लब द्वारा शहर के स्थानीय माधव भवन में योग कैंप लगाया गया। विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में कैंप का आयोजन किया गया एवं अन्य सभी संगठनों को भी एकत्रित किया गया। सभी महिलाओं को यह जानकारी दी कि योग करने से हमारा शरीर निरोगी रहता है यदि हम स्वस्थ रहना चाहते हैं तो अपनी दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करें। यदि हम 24 घंटे में से एक घंटा अपने शरीर को नहीं देते तो हमें मर ही जाना चाहिए। योग करना हमारे लिए अति आवश्यक है।

यदि हम योग करेंगे तो हमारा शरीर तो स्वस्थ रहेगा ही साथ ही साथ हमारा मन और मस्तिष्क भी स्वस्थ रहेंगे। हमें कोई बड़ी बीमारी नहीं घेर सकती। हम सभी योग करें एवं अपने घर परिवार में बच्चों, बुजुर्ग, रिश्तेदार, पड़ोसियों सभी को योग करने के लिए प्रेरित करें। एवं योग से होने वाले फायदे से भी अवगत करायें। योग से न रहे रोग ऐसा उपस्थित सभी सदस्यों को समझाया गया। इस मौके पर उपस्थित रही प्रांतीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल,एरिया ऑफिसर सीमा पलिया, क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिव रश्मि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपा रघुवंशी विजय बंसल सहित क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

---

## मंडी बामोरा कन्या शाला परिसर में किया पौधरोपण विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्रह्माकुमारीज संस्थान मंडी बामोरा सेवाकेंद्र के द्वारा संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) के 61वें पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय माध्यमिक कन्या शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका गुड्डी दीदी ने कहा कि सभी जीवन में खास मौके जन्मदिन, शादी की सालगिरह पर एक पेड़ जरूर लगाएं। यदि हर एक व्यक्ति पेड़ लगाएगा तो धरती हरियाली से भरपूर हो जाएगी। हरियाली में ही खुशहाली है। बीके रिया दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा हर वर्ष देशभर में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। इसके बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। प्राचार्य संध्या भार्गव ने विद्यार्थियों को पेड़-पौधों का महत्व बताया और सभी से बारिश में पेड़ लगाने का आहान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी मां है, प्रकृति मां की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर शिक्षक राजमणि दुबे, मनीष अग्रवाल एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

निर्जला एकादशी पर बड़केश्वर मंदिर में संकीर्तन, भक्तों ने जयकारे लगाए

## राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल ने भजन-कीर्तन किया, व्रत कथा सुनकर भावविभोर हुए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा बड़केश्वर मंदिर पर भव्य संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबकर झूमते हुए कीर्तन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जय राधा माधव, जय कुन्जविहारी के जयकारों के साथ हुई। इसके बाद भक्तों ने एक स्वर में भजन गाकर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल की सदस्याएं भक्ति के रस में डूबकर झूमकर खूब नाचीं। इस मौके पर भक्त माली ने निर्जला एकादशी के बारे में जानकारी देते हुए बताया निर्जला एकादशी ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी है और इसे भीम एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन बिना जल ग्रहण किए उपवास रखने का विधान है। मान्यता है कि इस एकादशी का व्रत रखने से साल भर की सभी एकादशियों का पुण्य मिल जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु की कृपा से पापों का नाश होता है। पंडित राहुल ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार निर्जला एकादशी का व्रत सबसे कठिन माना जाता है। क्योंकि इसमें अन्न और जल दोनों का त्याग करना होता है। जो भक्त श्रद्धा से यह व्रत रखते हैं, उन्हें भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। आज के दिन तुलसी पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सनातन परंपराओं को जीवित रखें।

---

## शाढ़ौरा पुलिस ने सदर बाजार में शिविर लगाकर साइबर क्राइम से बचने के बताए उपाय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

वर्तमान में चल रहे सायबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शाढ़ौरा सुनील सिकरवार ने क्षेत्र के नागरिकों को सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा की सजग रहना, सचेत रहना ही जागरूक रहना ही इस समस्या से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। फिर भी कोई साइबर क्राइम से ग्रसित होता है तो तुरंत 1930 पर कॉल करने पर समस्या का समाधान किया जा सकता है। थाना प्रभारी ने सलाह देते हुए साइबर क्राइम से बचने के गुण बताएं उन्होंने कहा कि कभी भी किसी अनजाने व्यक्ति को ओ टी पी या लिंक क्लिक न करें और यदि ऐसा करने पर दबाव आए तो पुलिस को कॉल करें। जनप्रतिनिधि के रूप में मंच से एडवोकेट रेखा नामदेव पार्षद ने साइबर क्राइम के बारे में कानूनी रूप से प्रस्तुत जानकारी देते हुए कहा कि क्राइम करने वालों से बिल्कुल डरने की आवश्यकता नहीं है। अपने ही घर में डिजिटल अरेस्ट ना हो अच्छी तरह से समझ लें कि आप अपराधी नहीं है। पुलिस प्रशासन जनप्रतिनिधि एवं जनता आपके सहयोग के लिए खड़ी है, कार्यक्रम गणमान्य नागरिक गण जनप्रतिनिधि एवं आम जनता समस्त पुलिस स्टाफ सहित पत्रकारगढ़ मौजूद थे।

---

भोपाल, इटारसी एवं बीना के यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

## भोपाल होकर कानपुर से मदुरै के बीच होगा विशेष ट्रेन का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

यात्रियों की सुविधा एवं यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा कानपुर सेंट्रल एवं मदुरै के मध्य विशेष ट्रेन नंबर 01925/01926 का संचालन करने का निर्णय लिया गया है।

इस विशेष रेलसेवा के संचालन से उत्तर भारत के ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर कानपुर तथा दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर नगरी मदुरै के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। साथ ही पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के बीना, भोपाल एवं इटारसी स्टेशनों के यात्रियों को भी इस विशेष ट्रेन का लाभ मिलेगा। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 01925 कानपुर सेंट्रलझ्रमदुरै विशेष ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 1 जुलाई से 29 जुलाई तक कुल 5 फेरों के लिए कानपुर सेंट्रल से प्रातः 8:10 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी बीना दोपहर 3:40 बजे, भोपाल 5:20 बजे एवं इटारसी 7:25 बजे ठहराव लेते हुए मदुरै पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 01926 मदुरैझ्रकानपुर सेंट्रल विशेष ट्रेन प्रत्येक शनिवार को 4 जुलाई से 1 अगस्त तक कुल 5 फेरों के लिए मदुरै से प्रस्थान करेगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन इटारसी दोपहर 3:05 बजे, भोपाल 5:05 बजे, बीना 8:25 बजे एवं ललितपुर 9:13 बजे ठहराव लेते हुए कानपुर सेंट्रल पहुँचेगी।

### ठहराव स्टेशन

दोनों दिशाओं में इन ट्रेनों का ठहराव पोखरायन, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, चंद्रपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेणिगुंटा, कटपडी, जोलारपेट्टई, सेलम, नमक्कल, करूर, डिंडीगुल होग। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पूर्व ट्रेन की समय-सारणी एवं आरक्षण स्थिति की जानकारी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट, रेल मदद अथवा एनटीईएस के माध्यम से प्राप्त कर लें।

## रेडक्रॉस सोसाइटी ने सिविल सर्जन को विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन डॉक्टर भूपेंद्र सिंह शेखावत का ट्रांसफर इंदौर गवर्नमेंट हॉस्पिटल में हो गया है। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा बुधवार को जिला अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित सिविल सर्जन को पुष्पमाला, अंग वस्त्र पहनकर सम्मान किया गया एवं विदाई दी गई। इस दौरान उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हो उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर जयमंडल सिंह यादव सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी सतीश पाराशर रंजीत यादव विनोद शर्मा संजीव यादव सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

लाउडस्पीकर से ग्रामीणों को किया जागरुक

## मिशन पल्स पोलियोः दुर्गम गांवों तक पहुंची मोबाइल मेडिकल यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आगामी पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रषासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में एक विषेश जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत गाँव-गाँव में लाउडस्पीकर और प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा जिंदगी की दो बूंद से वंचित न रह जाए।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट बनी मददगार

इस अभियान की सबसे खास बात यह रही कि प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट भी सीधे ग्रामीणों के घर-आँगन तक पहुँची। इस यूनिट के माध्यम से न केवल पोलियो अभियान की जानकारी दी गई, बल्कि मौके पर ही बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें दवाइयां और स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान किया गया। दुर्गम और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिए यह सेवा वरदान साबित हो रही है।



### अधिकारियों ने दी जानकारी ग्रामीणों में उत्साह

मोबाइल मेडिकल यूनिट में पदस्थ स्टाफ ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए 0 से 5 वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना अनिवार्य है। लाउड स्पीकर से गूंजते जागरूकता संदेशों का असर भी देखने को मिला और ग्रामीणों ने इस पहल की काफी सराहना की। मोबाइल मेडिकल यूनिट में पदस्थ स्टाफ ने क्षेत्र के सभी माता-पिता से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी बूथ या मोबाइल यूनिट पर लाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं और देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।